बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

## बैंक ऑफ बड़ौदा, भीलवाड़ा क्षेत्र

## (7-B 49 से 54 प्रथम तल, चन्द्रशेखर आज़ादनगर, भीलवाडा राजस्थान – 311001)

मिड कॉर्पोरेट शाखा, भीलवाड़ा के परिसर हेतु निविदा

बैंक ऑफ बड़ौदा अपनी मिड कॉर्पोरेट शाखा भीलवाड़ा हेतु सभी सुविधाओं युक्त (बिजली कनेक्शन, पानी, प्रसाधन सुविधायें इत्यादि) भूतल पर स्थित व्यवसायिक भवन /भूखंड जिसका क्षेत्रफल 2000 से 2500 वर्गफीट (कॉर्पेट एरिया) हो,तथा भीलवाडा शहर में हो, परिसर मालिकों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। परिसर अधिग्रहण हेतु तैयार होना चाहिए या 1 से 2 माह की अवधि के भीतर अधिग्रहण हेतु तैयार होने की स्थिति में होना चाहिए। इच्छुक प्रस्तावक अपने प्रस्ताव दो मोहरबंद लिफाफे में यानि तकनीकी बोली और कीमत बोली (प्राईस बिड) में दिनांक 28.11.2022 को साँय 3.00 बजे तक बैंक ऑफ बड़ौदा, **क्षेत्रीय कार्यालय, भीलवाड़ा 7-B 49 से 54 प्रथम तल, चन्द्रशेखर आज़ादनगर, भीलवाडा राजस्थान – 311001** को प्रस्तुत करें। सार्वजनिक क्षेत्र की ईकाई/ सरकारी विभागों के अधीन परिसरों भवन/भूखंड को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.bankofbaroda.com के निविदा खंड में लॉग इन करें। बैंक किसी भी प्रस्ताव को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(अभिषेक कमल)
उपक्षेत्रीय प्रमुख

दिनांक: 07.11.2022
स्थान: भीलवाडा

क्षेत्रीय कार्यालय: भीलवाडा क्षेत्र, 7 बी, 49 से 54, प्रथम तल, चन्द्र शेखर आज़ाद नगर, भीलवाडा - 311 001 (भारत)
Regional Office: Bhilwara Region, 7B, 49 to 54, first floor, Bhilwara – 311 001 (India)
E-mail -rm.bhilwara@bankofbaroda.com website: www.bankofbaroda.com

## मिड कॉर्पोरेट शाखा भीलवाड़ा के परिअधिकासर हेतु निविदा

बैंक ऑफ बड़ौदा अपनी मिड कॉर्पोरेट शाखा भीलवाड़ा हेतु लीज़ आधार पर ऐसे मालिकों/बिलडरो/डेवेलपरो से दो बिड पद्धति मे प्रस्ताव आमंत्रित करता है, जिनके पास भीलवाडा शहर में 2000 -2500 वर्गफिट (कार्पेट क्षेत्र) की क्लियर एवं विपणन योग्य स्वत्वाधिकार की व्यावसायिक भूमि या निर्मित संपत्ति हो।

सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों/बैंकों/उपक्रमों व सरकारी विभागों से प्राप्त प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सुविधायुक्त परिसर भीलवाड़ा शहर में चाहिए। परिसर अधिग्रहण हेतु तैयार या विज्ञप्ति प्रकाशन के 1से 2 माह में तैयार होना चाहिए। परिसर की छत पर सूचना प्रोधोगिकी हेतु लगाने वाले सन्यंत्रों हेतु स्थान उपलब्ध करवाना होगा। परिसर के बाहर डीजल जनरेटर सेट स्थापित करने हेतु स्थान उपलब्ध करवाना होगा। बैंक की ब्रांडिंग हेतु परिसर के बाहर साईनबोर्ड इत्यादि लगाने हेतु पर्याप्त व उपयुक्त स्थान उपलब्ध करवाना होगा। (उक्त सभी सुविधाओं हेतु अलग से किराया देय नहीं होगा)

दो बोली प्रणाली के अनुरूप दो मुहरबंद लिफाफों मे बंद प्रस्तावों मे निम्नलिखित ब्योरे होने चाहिए :-

लिफाफा नं. (1)- "तकनीकी बोली" के रूप मे चिन्हित:- में तकनीकी ब्योरे जैसे वर्णित पते के साथ परिसर का स्थान, संपरिवर्तन आदेश की प्रति, समापन/व्यवसाय प्रमाणपत्र के साथ स्केल पर बनाई गई योजना, अधिग्रहण किए जाने वाले भाग का कार्पेट क्षेत्र, आंतरिक समापन का विनिर्देश, सुविधाएं, पार्किंग सुविधाएं होनी चाहिए। कार्पेट क्षेत्र (आइ एस कोड 3861-2002 के अनुसार) मे सीढ़ियाँ, गलियारा, मार्ग, बरामदा, लिफ्ट के लिए शाफ़्ट व मशीन कक्ष, एयर कन्डीशनिंग डक्ट, लॉफ्ट, निर्मित वार्डरोब, शेल्फ, मध्यवर्ती स्तम्भ/कॉलम, विभाजन व दीवार व अन्य अवरोधक, बरामदा, बालकनी, बाथरूम व शौचालय आदि शामिल नहीं किए जाएंगे। "तकनीकी बिड" मे कीमत के बारे मे कोई संकेत नहीं दिया जाए।

लिफाफा नं. (2)- "वित्तीय बोली" निश्चित रूप से पूर्ण तकनीकी ब्योरे जैसे कार्पेट क्षेत्र में दर प्रति, वर्ग फुट पर कार्पेट क्षेत्र, नगरपालिका करों के ब्यौरे एवं लीज़ व्यय आदि होने चाहिए।

अन्य शर्ते

1. परिसर सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त होना चाहिए।

2. परिसर में तथा आस-पास में पानी का रिसाव नहीं होना चाहिए।

3. परिसर स्थानांतरण हेतु तैयार या विज्ञप्ति प्रकाशन के 1 से 2 माह में बैंक द्वारा वांछित सभी सुविधाओं यथा सेफ डिपोसिट वॉल्ट/ प्रसाधन कक्ष/ रिकॉर्ड रूम इत्यादि सहित तैयार होना चाहिए।

4. परिसर की छत पर सूचना प्रोधोगिकी हेतु लगने वाले सन्यंत्रों के लिए स्थान उपलब्ध करवाना होगा। उक्त सुविधाओं हेतु अलग से किराया देय नहीं होगा।

5. परिसर के बाहर डीजल जनरेटर सेट स्थापित करने हेतु स्थान उपलब्ध करवाना होगा। उक्त सुविधाओं हेतु अलग से किराया देय नहीं होगा।

क्षेत्रीय कार्यालय: भीलवाडा क्षेत्र, 7 बी, 49 से 54, प्रथम तल, चन्द्र शेखर आज़ाद नगर, भीलवाडा - 311 001 (भारत)
Regional Office: Bhilwara Region, 7B, 49 to 54, first floor, Bhilwara – 311 001 (India)
E-mail -rm.bhilwara@bankofbaroda.com website: www.bankofbaroda.com

6. बैंक की ब्रांडिंग हेतु परिसर के बाहर साईनबोर्ड इत्यादि लगाने हेतु पर्याप्त व उपयुक्त स्थान उपलब्ध करवाना होगा। उक्त सुविधाओं हेतु अलग से किराया देय नहीं होगा।

7. परिसर स्वामी को स्टाफ तथा ग्राहकों हेतु पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवानी होगी।

8. परिसर का स्वामित्व क्लीयर होना चाहिए व इससे संबन्धित Title Clearance Report तकनीकी बिड खुलने के पश्चात सफल रहने पर प्रस्तुत करनी होगी।

9. लीज अवधि न्यूनतम 10 वर्ष की रहेगी।

10. किराया कोर्पेट एरिया के अनुसार किया जाएगा। कोर्पेट एरिया का निर्धारण बैंक के नियमानुसार संयुक्त पैमाईश के द्वारा किया जाएगा।

11. निविदाकर्ता द्वारा शाखा हेतु आवश्यक लोड पर 3 फेज़ बिजली का कनेक्शन व मीटर उपलब्ध करवाना होगा बैंक द्वारा केवल उपयोग की गई बिजली का मासिक आधार पर भूगतान किया जाएगा।

12. GST बैंक द्वारा वहन किया जाएगा इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य कर परिसर स्वामी द्वारा वहन किया जाएगा।

13. परिसर में पानी की सुविधामयकनेक्शन परिसर स्वामी द्वारा उपलब्ध करवाना होगा बैंक द्वारा केवल उपयोग किया गया पानी का मासिक आधार पर भूगतान किया जाएगा। ।

प्रस्ताव प्रस्तुति की अंतिम तिथि से -120- दिनों की न्यूनतम अवधि के लिए वेध होने चाहिए यदि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से देरी होती है तो प्रस्ताव की अवधि बढ़ाने पर ही निविदार्थी को आगे की प्रक्रिया के लिए चुना जाएगा। कोई भी ब्रोकरेज का भुगतान नहीं किया जाएगा। विज्ञापन संदर्भ व आवेदक नाम एवं पते वाले 'TB'(तकनीकी बिड) व 'FB'(वित्तीय बिड) की तरह चिन्हित किए गए दोनों मोहरबंद कवर में रखे जाएँ व ऊपर वर्णित तरीके से तीसरे लिफाफे में बैंक ऑफ बड़ौदा, **क्षेत्रीय कार्यालय, भीलवाड़ा 7-B 49 से 54 प्रथम तल, चन्द्रशेखर आज़ादनगर, भीलवाडा राजस्थान – 311001** को विज्ञापन के प्रकाशन के दिन से -21- दिन व दिनांक 28.11.2022 साँय 3.00 बजे तक या उससे पहले प्रेषित व प्रस्तुत किए जाए। तकनीकी बिड दिनांक 28-11-2022 को साँय 4.00 बजे खोली जाएगी। इच्छुक निविदार्थी नियत समय पर बिड खोलने के समय हमारे कार्यालय में उपस्थित हो सकेंगे इस हेतु अलग से सूचना प्रदान नहीं की जाएगी। वित्तीय बिड खोलने की तिथी व समय केवल सफल निविदाकर्ता को मोबाईल/ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा।

टेंडर के संबंध में अधिक जानकारी अथवा आवश्यक परिवर्तन हेतु निविदा समाप्ती की तिथी से पूर्व हमारे कार्यालय में संपर्क करें इसके पश्चात किसी भी परिपृच्छा अथवा शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।

इस प्रक्रिया के संबंध मे बैंक द्वारा किसी भी समय लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम व निर्णयात्मक होगा व इस संबंध मे किसी भी प्रकार का कोई दावा या विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा।

दिनांक:07.11.2022
स्थान : भीलवाड़ा

(अभिषेक कमल)
मुख्य प्रबंधक एवं उप-क्षेत्रीय प्रमुख